# इतनी कृपा सांवरे बनाये रखना | by Sheetal Pandey

इतनी कृपा सांवरे बनाये रखना
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना
इतनी कृपा सांवरे...........

तू मेरा मैं तेरा प्यारे तू राज़ी मैं राज़ी
तेरे नाम पे लिख दी मैंने इस जीवन की बाज़ी
लाज तुम्हारे हाथ है बचाये रखना
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना
इतनी कृपा सांवरे...........

हाथ जोड़ कर करूँ प्रार्थना भूल कभी ना जाना
तेरे दर पर लगा रहे यूँ मेरा आना जाना
दिन पर दिन ये सिलसिला बनाये रखना
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना
इतनी कृपा सांवरे...........

जनम जनम तक तेरा मेरा साथ कभी ना छूटे
टूट जाएँ साँसों की लड़िया तार कभी ना टूटे
गोदी में तुम बिन्नू को बिठाये रखना
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना
इतनी कृपा सांवरे..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%87%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%96/